हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 17 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 14 .8 डिग्री

12 गर्ल्स कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न छात्राओं ने अनेक गतिविधियों में पाया स्थान



12 शहर में जगह जगह लगे कचरे के ढेर आग लगाकर किया जा रहा निपटान



## सरसों की 28 मार्च व गेहूं की 1 अप्रैल से शुरू हो सकती सरकारी खरीद

# अनाजमंडी में रोजाना बढ़ रही सरसों की आवक फड़ के पास लगने लगी ट्रैक्टरों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोजाना बदलते मौसम को देखते हुए जिले में किसानों की ओर से तेज गति सरसों की कटाई की जा रही है। अनाजमंडी में भी सरसों की आवक काफी बढ़ चुकी है। अनाजमंडी के तीनों फड़ों सहित सड़कों पर भी सरसों की ढेरिया डाली जा रही है, जिससे अनाजमंडी के पहले फड़ के पास जाम की स्थिति भी पैदा होने लगी है, हांलाकि अभी सरसों में नमी आ रही है और अनाजमंडी के फड़ पर सुखाई जा रही है। अनाजमंडी में अब तक करीब 15 हजार कट्टे सरसों की आवक हो चुकी है और किसानों ओपन में 6000 से 6400 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से सरसों के दाम मिल रहे है। अनाजमंडी में 6500 रुपये क्विंटल के भाव से भी सरसों बिक चुकी है। अभी सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई है। मार्केट कमेटी के अनुसार सरसों की सरकारी खरीद 28 मार्च व गेहूं की एमएसपी पर खरीद एक अप्रैल से शुरू की जा सकती है। सरकार की ओर से सरसों का समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। जिले में इस बार करीब 80 हजार हेक्टेयर में सरसों व 35 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बिजाई की गई थी।

> अनाजमंडी में अब तक करीब 15 हजार कट्टे सरसों की आवक हो चुकी है और किसानों को ओपन में 6000 से 6400 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहे है सरसों के दाम



रेवाड़ी। सूखने के बाद सरसों की ढेरी बनाते मजदूर। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। अनाजमंडी के पहले फड के पास सड़क पर डाली गई सरसों व लगी ट्रैक्टरों की कतार। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। अनाजमंडी के फड पर चारों तरफ फैली सरसों व बोली लगाते व्यापारी।

### फसल को अच्छी तरह सुखाकर लाएं

डीएमईओ सत्यप्रकाश यादव व सचिव मनीष कुमार ने कहा कि किसान अपनी फसल को अच्छी तरह से सुखाकर ही अनाजमंडी में लाए ताकि उन्हे व व्यापारियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। अनाजमंडी प्रवेश के समय आधार कार्ड का भी होनो अनिवार्य है, जिससे किसानों के गेटपास जल्द कट सकें और गेट पर जाम की स्थिति भी पैदा हो। चेयरमैन ने मार्केट कमेटी के सचिव मनीष कुमार और सहायक सचिव व मंडी सुपरवाइजर नरेश कुमार को अनाजमंडी में सभी व्यवस्थाएं सुधारने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों के लिए पीने का स्वच्छ पानी, पर्याप्त बिजली और साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए। किसानों को गेट पास कटवाने में किसी भी प्रकार की तकनीकी परेशानी नहीं आनी चाहिए।

### फसल खरीद को लेकर आढ़तियों को दिए निर्देश

*रबी सीजन की फसलों की खरीद को लेकर मार्केट कमेटी के चेयरमैन अनिल कुमार सैनी, डीएमईओ सत्यप्रकाश यादव व सचिव मनीष कुमार की ओर से ने आढ़तियों को दिशा-निर्देश दिए जा चुके है। फसल खरीद में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए प्रत्येक दुकान पर आधुनिक उपकरणों की अनिवार्यता के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा है कि सभी व्यापारी अपनी दुकानों पर झरना, तिरपाल और लकड़ी की कैरेट की पूरी व्यवस्था रखें। फसल की नमी जांचने के लिए मीटर और वजन के लिए डिजिटल कांटा भी अनिवार्य किया गया है।*

### पहले फड़ के पास लगने लगा जाम

पिछले तीन दिन से अनाजमंडी में सरसों की आवक काफी तेज हो गई है। नमी के कारण फड पर सरसों सुखाई जा रही है, जिससे जगह नहीं होने के कारण किसान सड़क पर व दुकानों के आगे भी सरसों डाल रहे है। इसके अलावा सरसों खाली करने के बाद सड़क पर ट्रैक्टर खड़े रहने से भी अव्यवस्था फैलनी शुरू हो गई है। अनाजमंडी में प्रति वर्ष आवक बढ़ने पर ट्रैक्टरों की अव्यवस्थित पार्किंग समस्या बन जाती है। प्रति वर्ष लिफ्टिंग की भी भारी समस्या रहती है। सोमवार को आडे-तिरछे ट्रैक्टर खड़े होने से अन्य वाहन चालकों को निकलने में परेशानी उठानी पड़ी।

## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में पांच आरोपी पकड़े

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर पुलिस ने गत 5 फरवरी को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने संतोष कॉलोनी निवासी सरोज देवी, रामनरेश, एक सोसायटी निवासी अजीत सिंह, आजाद नगर निवासी मीना देवी व राजस्थान के बेरावास कलां निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक दबोचा

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद फरार हुए एक वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गत 3 मार्च को रोहतक नेशनल हाइवे पर पाल्हावास के पास हुए हादसे में बाइक चालक घायल हो गया था। वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में हरसोली निवासी चालक आजाद को गिरफ्तार कर लिया।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर महिला को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में उसके पति को गिरफ्तार किया है। जिले के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। महिला की दहेज की मांग पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। गत वर्ष 13 दिसंबर को दर्ज मामले में पुलिस ने दिल्ली के नांगलोई निवासी विकास को गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कार चालक के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** डोहकी के पास बाइक को टक्कर मारने के बाद फरार हुए कार चालक के खिलाफ सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। बीते रविवार को कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार दंपति घायल हो गए थे। दोनों को आसपास के लोगों ने ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया था। बाइक सवार महिला के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में छात्रा घायल

**मूंदी।** गांव सीहा और खालेटा मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। बाइक पर सवार तीन लोगों में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद दोनों पक्षों ने मामले को वही निपटाने का प्रयास किया, लेकिन सहमति नहीं बन पाई, जिसके बाद पुलिस का शिकायत दी गई। खोल पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। गांव पैदयावास निवासी सूरत सिंह ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह गत 3 मार्च को अपनी पोती को गांव सीहा में उसकी मौसी के गृह प्रवेश कार्यक्रम में गया था। उन्होंने बताया कि उनकी पोती नीट की तैयारी कर रही है। वापस लौटते समय सीहा से खालेटा मार्ग पर सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी, जिससे उसकी पोती को काफी चोटें आई। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद से ही दोनों पक्षों में समझौते की बातचीत चल रही थी। रविवार को दूसरी बार हुई बातचीत में सहमति नहीं बन पाई, जिसके बाद उन्होंने खोल थाना पुलिस को शिकयत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत खंड नाहड़ में 14 अप्रैल तक आयोजित किए जाएंगे जागरूकता कार्यक्रम

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने सोमवार को संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आकांक्षी खंड नाहड़ को पूर्ण रूप से विकसित ब्लॉक बनाने को लेकर आयोजित किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। डीसी ने बताया कि भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संपूर्णता अभियान 2.0 को शुरू किया गया है। अभियान के सफल संचालन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी मीणा ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत केंद्र सरकार के नीति आयोग द्वारा 6 पैरामीटर को शामिल किया गया है। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी इन मानकों का लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल करने के लिए एकजुटता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व शौचालय की उचित व्यवस्था हो। इसी प्रकार खंड के प्रत्येक राजकीय व निजी विद्यालय में लड़कियों के लिए साफ-सुथरा शौचालय बना होना चाहिए। एडीसी एवं सीईओ जिला परिषद राहुल मोदी ने बताया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत पोषाहार, स्वच्छता एवं पशुपालन की दृष्टि से 6 मानकों तय किए गए है, जिसके तहत नाहड़ खंड को पूर्ण रूप से विकसित बनाने के लिए 14 अप्रैल तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। नाहड़ ब्लॉक में मानकों के तहत 6 माह से 6 साल तक की आयु के सभी बच्चों को रोजाना पूरक पोषाहार दिया जाए। हर एक बच्चे का रिकॉर्ड होना चाहिए, जिनको नियमित रूप से प्रतिदिन पोषण आहार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी आयु वर्ग के बच्चों के कद व वजन का माप महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण ट्रैकर पर अपलोड होना चाहिए। इसके लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मापन मशीनें ठीक होनी चाहिए। बैठक में एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव, डीएसपी जोगेंद्र शर्मा, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव, बीडीपीओ नाहड़ अनिल कुमार व जिला परियोजना प्रबंधक निशीथ व्हाईट मौजूद थे।

## 3.81 लाख की ठगी करने में दूसरा आरोपी काबू

- इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने एक युवती के साथ वर्क फ्रॉम होम के नाम पर करीब 3.81 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान उत्तराखंड के जिला नैनीताल के गांव बामेटा बनघर खीमा हाल आबाद यूपी के जिला मेरठ के भगवती कुंज निवासी काव्या चौहान के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 20 दिसंबर को गांव उष्मापुर निवासी युवती ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने 17 दिसंबर 2025 को इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन देखा था। उसे एक लिंक मिला था, जिस पर क्लिक करने के बाद उसे प्रोडक्ट सेल-प्रचेज के बारे में बताया गया। उसे पैसे ट्रांसफर करने के लिए यूपीआई नंबर दिया गया तथा इस नंबर पर पेमेंट करने पर मोटा मुनाफा मिलने का लालच भी दिया गया। इसके बाद उसने अपने और अपने परेंट्स के बैंक खातों से 10 ट्रांजेक्शन के जरिए 3 लाख 81 हजार 439 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब उसने अपनी रकम वापस पाने का प्रयास किया, तो उसे और अधिक पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी यूपी के जिला आजमगढ़ के गांव गोधोरा निवासी पंचदेव पांडे को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी पंचदेव पांडे के बैंक खाते में ठगी की 68 हजार 888 रुपये की रकम ट्रांसफर हुई थी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार कंपनी कर्मचारी की मौत

**रेवाड़ी।** रविवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। केस दर्ज करने के बाद वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। मूल रूप से गुरूग्राम निवासी प्रेम प्रकाश अजय नगर में रह रहा था। वह गुरुग्राम की ही एक कंपनी में नौकरी करता था। रविवार को वह राजस्थान के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में बाइक लेकर गया था। वहां से लौटते समय गढ़ी बोलनी रोड पर किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया।

## दुकान का शटर उखाड़ लाखों रुपये की नकदी चुराई





रेवाड़ी। सीसीटीवी में कैद चोर, चोरी की वारदात के बाद मौके पर मौजूद पुलिस व व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमवार तड़के गुड़ बाजार में चोर एक दुकान का शटर उखाड़कर लाखों रुपये नकदी चोरी कर ले गए। घटना के बाद दुकानदारों में पुलिस के प्रति रोष बढ़ गया। दुकानदारों ने जल्द चोरों का पता नहीं लगाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। बाजार के दुकानदारों ने मीटिंग करने के बाद पुलिस कार्रवाई का इंतजार करने का निर्णय लिया है। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस चोरों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। गुड़ बाजार में ऋषभ और उसके भाई शिखर जैन की किरयाना की दुकान है। वह दुकान में नोटों की माला भी बनाते हैं, जिसके लिए पांच सौ रुपये से लेकर 10 रुपये तक के नोटों का उपयोग किया जाता है। सोमवार सुबह लगभग सवा 5 बजे बाइक सवार तीन युवक आए। दुकान के ताले तोड़ने के बाद शटर उखाड़कर 5 लाख रुपये के नए नोटों की गड्डियां चोरी कर लीं। जब सुबह दोनों भाई दुकान पर पहुंचे, तो सारा सामान बिखरा हुआ मिला। दुकान में रखे पांच लाख रुपये गायब मिले। इसके बाद पुलिस को चोरी की सूचना दी गई। सिटी पुलिस ने सूचना मिलने के बाद घटनास्थल का मुआयना किया। केस दर्ज करते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड

दुकान के अंदर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करने पर सुबह 5:14 बजे तीन लड़के बाइक पर दुकान की ओर आते दिखाई दे रहे हैं। ताला तोड़ने के बाद शटर उखाड़कर वह दुकान में प्रवेश करते हैं। कुछ देर बाद नकदी लेकर फरार हो जाते हैं। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सौंप दी गई है, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। दुकानदार अपने स्तर पर भी पहचान कराने के प्रयास कर रहे हैं।

### दुकानदारों में पुलिस के प्रति रोष

चोरी की वारदात के बाद बाजार के दुकानदार एकत्रित हो गए। प्रधान मुकेश जैन ने बताया कि कुछ दिन पहले ही दिन दहाड़े कपड़े की दुकान में चोरी की वारदात हुई थी। उन्होंने चार महिलाओं को खुद पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। अब चोरी की इस वारदात ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर चोरों का पता लगाकर नकदी बरामद नहीं कराई तो वह आंदोलन को मजबूर हो जाएंगे।

## एचटी लाइन का तार टूटने से लगी आग, इंधन जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

खेड़ा मुरार में सोमवार सुबह हाई टेंशन लाइन का तार टूटने से आग लग गई, जिससे कई ग्रामीणों का इंधन जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। गांव की फिरनी के पास कई ग्रामीणों का इंधन रखा हुआ था। उसके ऊपर से गुजर रही 11 केवी की बिजली लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया। तार टूटने के बाद शॉर्ट सर्किट से इंधन में आग लग गई। इसके बाद ग्रामीणों में आग फैलने की आशंका से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने निगम को सूचना देकर बिजली बंद कराई। खुद आग पर काबू पाने के प्रयास किए, लेकिन आग फैलती चली गई। ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक कई ग्रामीणों का इंधन जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली निगम कई बार शिकायतों के बावजूद गांव में एचटी लाइन के तारों को नहीं बदल रहा।



रेवाड़ी। खेडा मुरार में टूटा एचटी लाइन का तार व जला इंधन। फोटो : हरिभूमि

## जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने धारूहेड़ा, आंकेड़ा तथा मालपुरा क्षेत्र के बाजार में की छापेमारी

# एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए छापेमारी शुरू, बड़े व छोटे 21 सिलेंडर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

घरेलू गैस की उपलब्धता पर्याप्त होने के बावजूद लोगों एजेंसियों की ओर रुख कर रहे है। सोमवार को गैस एजेंसियों का अवकाश हाने के बावजूद काफी लोग चक्कर काटते नजर आए। जिले में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी भी शुरू हो चुकी है। गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से जिले की 22 एजेंसियों पर इंस्पेक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं एएफएसओ सत्य प्रकाश के नेतृत्व में टीम छापामारी कर रही है। एसआईएफएस जयबीर और सप्लाई इंचार्ज रविंद्र कुमार भी टीम में शामिल है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से सोमवार को एलपीजी की कालाबाजारी एवं अवैध रिफलिंग रोकने के लिए धारूहेड़ा, आंकेड़ा तथा मालपुरा क्षेत्र के बाजार में छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने 15 घरेलू एलपीजी सिलेंडर तथा 6 छोटे स्थानीय सिलेंडर सहित कुल 21 सिलेंडर बरामद कर जब्त किए।



रेवाड़ी। छापेमारी के दौरान पकड़े गए सिलेंडर। फोटो : हरिभूमि

### नए एलपीजी कनेक्शनों पर अस्थायी रोक

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नितिश सिंगला ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए नए एलपीजी कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया अगले आदेशों तक अस्थाई रूप से रोक दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडर रिफलिंग का समय 25 दिन से बढ़ाकर 45 दिन कर दिया गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों में रिफलिंग की अवधि पूर्व की भांति 25 दिन ही रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे एलपीजी का विवेकपूर्ण उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अवैध रिफलिंग की सूचना तुरंत विभाग को दें। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा एलपीजी 2000 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने संदिग्ध हालत में खाया जहर, गंभीरावस्था में पीजीआई रेफर

**रेवाड़ी।** मांढैया खुर्द में रविवार की रात करीब 30 वर्षीय युवक ने संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खा लिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीरावस्था में पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। डायल-112 पर आधी रात को सूचना मिली कि गांव निवासी युवक ललित ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। सूचना मिलने के बाद ईआरवी मौके पर पहुंची तो ललित की तबियत काफी बिगड़ी हुई थी। पुलिस ने उसे तत्काल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। जहर खाने के कारणों का पता नहीं चल सका था।



चैत्र नवरात्र का पर्व हम तब मनाते हैं, जब शीत ऋतु का प्रस्थान, ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो रहा होता है। यह वसंत ऋतु का समय होता है, जब वृक्षों पर नव कोंपल आ रही होती हैं, बागों में फूल महक बिखेर रहे होते हैं। प्रकृति के इस नवीन वातावरण में हम मां शक्ति की नौ दिन पूरी आस्था के साथ पूजन करते हैं, अपने भीतर आध्यात्मिक चेतना जगाते हैं। यह समय मां शक्ति की उपासना करते हुए, स्त्री की सृजनशक्ति को मान देने का भाव जगाता है।

# मां शक्ति की उपासना के साथ नवजीवन का उत्सव

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

बदलाव की स्वीकार्यता, जीवन को सहज बना देती है। यह पाठ प्रकृति से ज्यादा और कौन पढ़ा सकता है? समय के साथ आगत के स्वागत का भाव एक ओर भावनाओं के मोर्चे पर सुकून देता है तो दूसरी ओर जीवन को गति। मानवीय अनुभूतियों को आस्था के भाव संग जोड़ने का संदेश देते चैत्र नवरात्र, नएपन के ऐसे ही स्वागत-सत्कार का संदेश देते हैं। वासंतिक नवरात्र का यह समय प्रकृति के आंगन में नई कोंपलों के फूटने और रंग-बिरंगे फूलों के खिलने का समय होता है। मां भगवती के अर्चन के इन दिनों में स्त्रियां नवीनता को सहजता से आत्मसात करने का आशीष भी मांगती हैं।

## समय के साथ चलने का सुख

आस्था और पूजन-अर्चन से जुड़ीं हमारी परंपराएं प्रकृति से भी गहराई से जुड़ी हैं। यही वजह है कि हर रीत समय के साथ चलने की प्यारी सीख देती है। आस्था की यह राह मन को साधने का भी काम करती है। नई कोंपलों के स्वागत के इस मौसम में मां भगवती की उपासना के नौ दिन आध्यात्मिक चेतना के साथ और शारीरिक नवीनीकरण के दिन होते हैं। नवरात्र में उपवास करने की बात हो या दिनचर्या में सहज बदलाव कर, मां दुर्गा के नौ रूपों की साधना करते हुए मन-जीवन में नयापन लाने के प्रयास, सब कुछ नकारात्मक ऊर्जा के घेरे को कम करने से जुड़ा है। यह समय चेतनामयी आभा को पोसने वाला है। यह चेतना और सकारात्मकता, नई बातों और हालातों को अपनाकर नई शुरुआत करने की मनःस्थिति बनाती है। आमतौर पर स्त्रियां नएपन को स्वीकारने में जरा झिझकती हैं। महिलाओं के लिए समय के साथ सहजता से ढलना-बदलना मुश्किल होता है, जबकि प्रकृति और परंपराओं के इन रंगों को सबसे अधिक स्त्रियां ही जीती, निभाती और मानती हैं। ऐसे में धरा के पोर-पोर में खिलते नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र में अपनी भीतरी ऊर्जा को जगाने की राह जरूर पकड़ें। सशक्त मन और सजग मस्तिष्क की धनी बन, मां आदिशक्ति से जीवन के हर पड़ाव पर सहजता से जीने और नएपन से जुड़ने का आशीष भी मांगें।



## मन को आधार देती आस्था

वैज्ञानिक अध्ययन भी बताते हैं कि रंग, रस और सुगंध में डूबे संपूर्ण पर्यावरण और परिवेश में इंसानी मन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। चैत्र प्रतिपदा से शुरू होने वाले वासंतिक नवरात्र को परिवर्तन का भी काल जाता है। इस दौरान प्रकृति नवीन हो जाती है। धरा का कोना-कोना महकता और सजा-धजा नजर आता है। कोयल की कूक से लेकर खिलते पलाश तक, सब कुछ नवजीवन का सुंदर संदेश देता-सा लगता है। बदलते मौसम के इसी पड़ाव पर मां शक्ति की उपासना से जुड़े श्रद्धा के भाव मन को नया आधार देते हैं। नववर्ष की इस दस्तक पर कई दूसरे सार्थक रिवाज निभाए जाते हैं। ईश्वरीय शक्ति में विश्वास के संग प्रकृति को सहेजना इन परंपराओं का हिस्सा है। नदियों में स्नान करने से लेकर बरगद, पीपल सींचने तक, प्रकृति से जोड़ने वाले कई प्रण नव वर्ष के अवसर पर लिए जाते हैं। इन रिवाजों को निभाने और धरती के सहेजने वाले प्रयासों संग हर स्त्री अपने जीवन में भी नई ऊर्जा उपार्जित कर सकती है। मन की शक्ति को साधते हुए अपने व्यक्तित्व को नए रंग में ढाल सकती है।



## श्रद्धा और सृजनशीलता का उत्सव

नवरात्र के नौ दिन एक अनुष्ठान के समान होते हैं। मानसिक ऊर्जा को सहेजने का संकल्प लेने के विशेष दिन। श्रद्धा भाव से जुड़ी यह शक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से रिचार्ज करती है। नवसृजन की सोच को बल देती है। हर मन को नई ऊर्जा देने वाले इस मौसम में ऊर्जामयी प्रकृति से सीखते हुए आगे बढ़ने का प्रेरणादायी सूत्र आध्यात्मिक ही नहीं, व्यावहारिक जीवन की बेहतरी से भी जुड़ा है। यही वजह है कि मां दुर्गा की आराधना और धरती पर हर ओर फैले नएपन के उत्सव में शक्ति को साधने और मन जीवन को नई ऊर्जा देने की रीत घर-घर में रही है। यह समय धरती और मां शक्ति की उपासना करते हुए स्त्री की सृजनशक्ति को मान देने के भाव जगाता है। भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को ही प्राणशक्ति कहा गया है। हर घर में मां की भूमिका बहुत अहम होती है। जीवन देने वाली मां का स्थान सबसे ऊपर माना गया है। नवरात्र का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व प्रभु श्रीराम द्वारा मां आदिशक्ति की उपासना कर बुराई से लड़ने की शक्ति पाने से भी जुड़ा है। स्त्रियों के लिए भी मां भगवती का पूजन-अर्चन अपने सामर्थ्य को पहचानने का उत्सव ही है। नवरात्र, मुसीबतों के आगे डट कर शक्ति का आह्वान करने का अनुष्ठान है। अपने व्यक्तित्व की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देते हुए सृजनशील रहने का भाव जगाने का अवसर भी है।

# अपनाएं सही डाइट प्लान व्रत में नहीं बिगड़ेगी सेहत



डाइट सजेशन
शीला सहरावत, डाइटीशियन

आने वाले नवरात्र के दौरान आप अगर एक-दो दिन या पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने डाइट प्लान पर ध्यान देना चाहिए। इससे आप पूरे दिन एनर्जेटिक रहेंगी और आपकी तबियत भी नहीं बिगड़ेगी।

नवरात्र के दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। लेकिन इस दौरान अगर आप अपनी डाइट का ध्यान नहीं रखेंगी तो कुछ हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। जैसे-कई महिलाओं को व्रत में अन्न और नमक न लेने से एनर्जी में कमी महसूस होने लगती है। शुगर या बीपी की पेशेंट्स भी समझ नहीं पातीं कि व्रत में क्या खाना सही रहेगा। इसलिए हम आपको ऐसा डाइट प्लान बता रहे हैं, जिससे व्रत के दौरान भी आप फिट रहेंगी और आपको कमजोरी या सुस्ती भी महसूस नहीं होगी।

## डाइट प्लान बनाएं ऐसा



- नीबू पानी और शहद मिला पानी पीने के साथ ही भिगोए हुए ड्राय फ्रूट्स से दिन की शुरुआत करें।
- लंच से पहले शरीर के टॉक्सिंस निकालने के लिए एक गिलास डिटॉक्स ड्रिंक जैसे नीबू पानी, छाछ या नारियल पानी को डाइट में अवश्य शामिल करें।
- रात के खाने में आप अंगूर, आम, अनानास जैसे खट्टे फल न खाएं। ये एसिडिटी की समस्या को बढ़ा सकते हैं।
- व्रत की डाइट में कार्ब्स, प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट का बैलेंस बनाएं।
- ज्यादा तेल या चीनी डाइट में न शामिल करें। ज्यादा चीनी वाले या क्रीमी डेजर्ट्स से भी बचें।
- कार्ब्स के लिए हल्के और कम कैलोरी वाले सामक के चावल शामिल करें।
- फाइबर से भरपूर कुट्टू की रोटी शामिल करें, इससे भूख कंट्रोल रहती है।
- फाइबर से भरपूर और कम कैलोरी वाली सब्जियां जैसे लौकी, कद्दू, शकरकंद, खीरा या टमाटर को अपनी डाइट में शामिल करें।
- फलों में नेचुरल शुगर देने वाले सेब, पपीता, अनार या केला शामिल करें।
- प्रोटीन के लिए राजगिरा का दलिया, लो फैट पनीर, दही या नट्स जैसे बादाम, अखरोट लें। ये भूख कंट्रोल करते हैं।
- फैट के लिए थोड़ा-सा घी या कोल्ड प्रेस्ड ऑयल में व्यंजन पकाएं।
- पूरे दिन में 2-3 सीजनल फ्रूट्स, थोड़ी सब्जी और दूध या दही जरूर खाएं।
- ज्यादा कैलोरी वाली तली हुई चीजों जैसे कुट्टू के पकौड़े, आलू के चिप्स या साबुदाना पापड़ से परहेज करें।
- फलाहार बनाने में सेंधा नमक ज्यादा न डालें क्योंकि यह पानी रिटेंशन बढ़ाता है और सूजन आती है।
- आलू ज्यादा न खाएं क्योंकि ये स्टार्च से भरपूर है और कैलोरी बढ़ाता है।
- पैकेज्ड फूड अवॉइड करें, क्योंकि उनमें चीनी और नमक ज्यादा होता है।
- व्रत के दौरान चाय-कॉफी ज्यादा न पिएं, इसके बजाय हर्बल टी लें।

## डायबिटिक-बीपी पेशेंट्स की डाइट

डायबिटीज और हाई बीपी (हाइपरटेंशन) के मरीजों को व्रत के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

**क्या खाएं:** डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज, दिन में थोड़ा-थोड़ा खाकर, हाइड्रेटेड रहकर और तले-भुने से बचकर व्रत रख सकती हैं। कुट्टू, सिंघाड़े के आटे की रोटी, सामक के चावल, दही, मखाना, पनीर और लौकी, कद्दू की सब्जी का सेवन करें। भोजन में लो-फैट दही, छाछ, पनीर और दूध शामिल करें। स्नैक्स में भुने हुए मखाने, बादाम, अखरोट लें।

**क्या न खाएं:** डीप फ्राइड भोजन जैसे कुट्टू, सिंघाड़े के आटे की पूड़ी, पकौड़े खाने से परहेज करें। डायबिटीज के मरीज ज्यादा मीठे फल जैसे केला, लीची, चीकू, अनानास, सूखे खजूर (ड्राय डेट्स) और खोए की मिठाई न खाएं। हाई बीपी के मरीज सेंधा नमक भी कम मात्रा में लें। साबूदाना न खाएं क्योंकि इसमें हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला पदार्थ होता है, जिसके कारण इसमें कार्ब्स ज्यादा और फाइबर कम होते हैं, जिससे शुगर बढ़ सकता है। डायबिटीज के मरीज पैक्ड फ्रूट्स जूस से दूरी बनाएं। **प्रस्तुतिः ललिता गोयल**

इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम-जल और लिंग, लैंगिक समानता, जल की कम उपलब्धता और उसकी अशुद्धता से महिलाओं के जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रकट करता है। इस बारे में सही कदम उठाने की जरूरत है।

# जल की उपलब्धता से संवरेगा स्त्रियों का जीवन



जागरूकता
अंजू जैन

हर वर्ष की तरह इस बार भी 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाने की तैयारी की जा रही है। लेकिन इस वर्ष जल दिवस की थीम हमें एक ऐसे कड़वे सच से रूबरू कराती है, जिसे हम अकसर नजरअंदाज कर देते हैं। दुनिया भर में कई ऐसे देश, शहर और ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां जल संकट बहुत गंभीर रूप ले चुका है। यह जल संकट, महिलाओं के लिए भी एक गंभीर संकट बन चुका है। इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम हमें याद दिलाती है कि स्वच्छ जल कोई विलासिता नहीं, बल्कि स्त्री सशक्तिकरण की दिशा में पहली सीढ़ी की तरह है।

**पानी की कतार में थमती जिंदगी:** जल संकट को अकसर पर्यावरण या भूगोल के नजरिए से देखा जाता है, लेकिन यह गहराई से एक सामाजिक और आर्थिक मुद्दा भी है। जल संकट की कीमत महिलाओं को कई प्रकार से चुकानी पड़ती है। घर के लिए पानी जुटाने की जिम्मेदारी लगभग पूरी दुनिया में आज भी मुख्य रूप से महिलाओं के कंधों पर है। आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया भर में महिलाएं और लड़कियां हर दिन 20 करोड़ घंटे सिर्फ पानी लाने में बिता देती हैं।

**पड़ते हैं कई दुष्प्रभाव:** एक बेटी जब दूर से पानी लाने में अपनी मां की मदद करती है, तो वह स्कूल नहीं जा पाती, ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाती और अनावश्यक श्रम करने के लिए मजबूर होती है। भारी भरकम मटके या बाल्टियां ढोने से होने वाली शारीरिक समस्याएं और असुरक्षित स्त्रोतों से मिलने वाला दूषित पानी उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। स्वच्छ जल और सैनिटेशन (सफाई) का सीधा संबंध महिलाओं के शारीरिक स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ा है। स्कूलों या कार्यस्थलों पर पानी और निजी शौचालय की कमी महिलाओं को घर में ही रहने पर मजबूर करती है। सुरक्षित प्रसव के लिए भी स्वच्छ जल अनिवार्य है। दूषित पानी और गंदगी के कारण होने वाले संक्रमण जच्चा-बच्चा दोनों के लिए जानलेवा साबित होते हैं। भारी वजन उठाकर मीलों चलने से महिलाओं में रीढ़ की हड्डी और गर्भाशय से जुड़ी गंभीर बीमारियां पनप सकती हैं।

**जल प्रबंधन है जरूरी:** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष यूनिसेफ के सहयोग से यह संदेश दिया जा रहा है कि जल प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी केवल सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि 'मानवाधिकार' भी है। इनका कहना है कि यदि हम चाहते हैं कि समाज में लैंगिक समानता आए, तो हमें हर घर के नल तक पानी पहुंचाना होगा।

**जरूरी हैं कारगर प्रयास:** विश्व जल दिवस हमें याद दिलाता है कि जब हम एक महिला के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, तो हम उसे समय देते हैं, पढ़ने के लिए, कमाने के लिए और खुद को साबित करने के लिए। जरूरी है कि पूरी शिद्दत से जल उपलब्धता के लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाएं। इस वर्ष जल दिवस की थीम यह मांग करती है कि जल समितियों, सिंचाई विभागों और सरकारी योजनाओं में महिलाओं को निर्णायक पदों पर रखा जाए। पानी की बर्बादी को रोकना केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि उन करोड़ों महिलाओं के लिए भी जरूरी है, जो एक-एक बूंद के लिए मीलों पैदल चलती हैं। इसलिए ऐसी तकनीकों को बढ़ावा देना जरूरी है।



**हम सब करें प्रयास:** पानी बचाना केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि उन महिलाओं के प्रति एकजुटता दिखाना है, जो पानी के लिए संघर्ष कर रही हैं। सब्जियों को बहते नल के बजाय एक बर्तन में पानी भरकर धोएं। उस पानी को पौधों में डालें। घर के काम-काज में जल-बचत वाली मशीनों और तकनीकों का उपयोग करें ताकि पानी और समय दोनों की बचत हो। अपने घर के नलों में वॉटर एयरेटर्स लगाएं, जो पानी का बहाव 50 प्रतिशत तक कम कर देते हैं। अपने क्षेत्र की जल समितियों में सुनिश्चित करें कि पानी की पाइपलाइन का नक्शा बनाते समय महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखा जाए।

# भावनात्मक रूप से बनिए मजबूत

सलाह
प्रतिभा अग्निहोत्री

आज महिलाएं हर क्षेत्र में बड़ी कुशलता से काम कर रही हैं, देश के विकास में अपना योगदान दे रही हैं। वे घर-परिवार, करियर और अन्य जिम्मेदारियों को एक साथ निभा रही हैं। इन सभी जिम्मेदारियों के बीच अकसर उन्हें अनेक प्रकार के मानसिक-भावनात्मक दबाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर महिलाएं भावनात्मक रूप से मजबूत होंगी तो वे हर परिस्थिति का सामना आसानी से कर सकेंगी, वहीं दूसरी ओर भावनात्मक रूप से कमजोर महिलाएं छोटी-छोटी बात पर घबरा जाएंगी। कई बार तो वे अंदर-अंदर घुटती रहती हैं, तनाव का शिकार हो जाती हैं, जिससे उनकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। कभी-कभी वे अनेक बीमारियों का शिकार हो जाती हैं। इस दृष्टि से नवरात्र में आप नौ दिन माता की पूजा करें। अध्यात्म, इंसान की आत्मशक्ति को बढ़ाता है, भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है, इससे आप जीवन में आने वाली कठिनाइयों का मुकाबला आसानी से कर सकेंगी।



**अपनी भावनाओं को स्वीकार करें:** हमारा समाज महिलाओं से दूसरों का ध्यान रखने और अपनी भावनाओं को दबाकर रखने की उम्मीद करता है। कई बार महिलाएं न चाहते हुए, मन मारकर थके शरीर से भी दूसरों के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए आप अपनी भावनाएं समझें और तनाव से बचें। यदि आवश्यकता हो तो किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा करें ताकि आपका मन हल्का हो।

**बढ़ाएं आत्मविश्वास:** अकसर आत्मविश्वास के अभाव में महिलाएं सही निर्णय नहीं ले पातीं, उन्हें अपने आप पर भरोसा नहीं होता। इससे बचने के लिए आप अपने शौक, रुचि और क्षमता को पहचानकर उसका विकास करें। संभव है तो इसे अपना प्रोफेशन बनाएं। अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों पर गर्व करें, खुश हों।

**सोच सकारात्मक रखें:** जीवन में सुख-दुःख आते-जाते रहते हैं। ऐसे में हर परिस्थिति में खुद को सकारात्मक रखकर आप बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान निकाल सकती हैं। नकारात्मक सोच आपको भावनात्मक रूप से कमजोर बनाती है, वहीं सकारात्मक सोच आपके आत्मविश्वास में वृद्धि करती है।

**घर के सदस्यों से लें सहयोग:** घर-बाहर के सभी काम खुद ना करके परिवार के अन्य सदस्यों से उनकी क्षमता के अनुसार सहयोग लें। इससे उनकी कार्यक्षमता का तो विकास होगा, वहीं आपका काम आसान हो जाएगा। आप अपने लिए कुछ समय निकाल सकेंगी।

**मन का करें:** लोग क्या कहेंगे, यह सोचकर अपने मन को बार-बार मारने की जगह अपने मन के काम भी जरूर करें। मन का पहनें, मन का खाएं अगर सिंगिंग, डांसिंग या राइटिंग का शौक हो तो अपने रूटीन में से समय निकालकर उसे पूरा करें। इससे शरीर में डोपामाइन हार्मोन रिलीज होगा और आप भावनात्मक रूप से मजबूत बनेंगी।



स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान, धूप और पसीने की वजह से कई स्किन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए स्किन का हाइड्रेटेड होना जरूरी है। जानिएं ऐसे तरीके, जिनसे आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी।

# गर्मी में भी स्किन बनी रहेगी हाइड्रेटेड

अब धीरे-धीरे तापमान बढ़ने के साथ गर्मी के मौसम का प्रभाव बढ़ने लगा है। इसका असर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचा सकता है। धूप से होने वाली टैनिंग और सनबर्न से त्वचा काली पड़ने लगती है। गर्मियों में चिलचिलाती धूप, प्रदूषण, आद्रता और धूल-मिट्टी, चेहरे की नेचुरल ग्लो को खत्म कर देती है, जिससे त्वचा बेजान दिखाई देने लगती है। अगर आप चाहती हैं कि आने वाले दिनों में भी आपका चेहरा ग्लो करे और स्किन संबंधी समस्याएं नहीं हों तो यहां बताए जा रहे टिप्स अपनाने होंगे।



**सनस्क्रीन:** धूप में घर से बाहर जाने से पहले स्किन पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल आपको सनबर्न से बचाएगा। तेज धूप में 30 एसपीएफ या इससे ऊपर वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। चेहरे को ढंक कर तेज धूप में बाहर निकलना चाहिए। अगर संभव हो तो आने वाले दिनों में दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से परहेज करें, क्योंकि इस दौरान ज्यादा गर्मी और धूप होती है। सनस्क्रीन के साथ-साथ मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। दरअसल, इसका प्रयोग न करने से चेहरे की नमी खोने लगती है, इससे कील-मुंहासों संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ता है।

**गिलसरीन-शहद-कच्चा दूध:** एक चम्मच गिलसरीन, एक चम्मच शहद और एक चम्मच कच्चा दूध लेकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर कुछ समय बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। इससे आपकी त्वचा कोमल और चमकदार बनी रहेगी।

**खीरा-पुदीना-डिस्टिल्ड वॉटर:** खीरे को 4 या 5 लंबे टुकड़ों में काट लें। डिस्टिल्ड वॉटर और पुदीने की पत्तियों के साथ एयर टाइट डिब्बे में पैक करके 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस पानी को छानकर अलग स्प्रे बॉटल में डाल लें। फ्रिज में स्टोर करें और स्किन पर इसे अप्लाई करें। यह मिस्ट स्प्रे गर्मी में स्किन को कूल और फ्रेश रखेगा। रैशेज से भी बचाएगा।



**खीरा और नारियल पानी:** खीरे को कद्दूकस कर उसका जूस निकाल लें। इसे ठंडा होने के लिए फ्रिज में 20-25 मिनट के लिए रख दें। इसके बाद इसमें 1 कप नारियल पानी मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स करके स्प्रे बॉटल में भर लें। यह मिस्ट स्किन टोनर का काम करेगा।

**गुलाब जल टोनर:** एक खीरे के जूस, एक चम्मच गुलाब जल को एक कप मिनरल वॉटर में डालकर स्किन टोनर बना लें। इसके उपयोग से स्किन टोनिंग के अलावा त्वचा मुलायम हो जाएगी।

**आइसिंग है कारगर:** गर्मी के मौसम में चेहरे पर बर्फ लगाने से स्किन को पोषण मिलता है, जिससे त्वचा फ्रेश नजर आती है। इससे रिंकल्स और फाइन लाइंस कम नजर आती हैं। कील मुंहासे कम होते हैं। आइसिंग करने से त्वचा को हाइड्रेटेड रहती है।

**मेकअप करें रिमूव:** सोने से पहले मेकअप उचित तरीके से हटाने से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है। इससे मुंहासे और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है। मेकअप हटाने के लिए आप नारियल तेल, ऑलिव ऑयल, एलोवेरा जैल, दूध या शहद का उपयोग कर सकती हैं।

# मौसम में आए बदलाव ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसलों में नुकसान की संभावना

## खेतों में पड़ी किसानों की कटाई की गई सरसों व पकाव पर गेहूं की फसल

■ मौसम विभाग का पूर्वानुमान 18 को सक्रिय होगा एक नया मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ 19 से 21 मार्च तक तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मौसम के अचानक बदलते रुख ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इन दिनों खेतों में बड़ी संख्या में सरसों की कटाई की जा चुकी है और फसल खेतों में ही सूखने के लिए पड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर गेहूं की फसल भी पकाव की ओर बढ़ रही है। ऐसे में मौसम विभाग की ओर से अगले कुछ दिनों में बारिश व तेज हवाओं की संभावना जताए जाने से किसान चिंतित दिखाई दे रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार 18 मार्च से एक नया मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। जिसके प्रभाव से 19 से 21 मार्च के बीच क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। यदि इस दौरान बारिश होती है, तो खेतों में पड़ी सरसों की फसल को भारी नुकसान हो सकता है। कई किसानों ने अभी तक फसल को पूरी तरह से उठाकर सुरक्षित स्थानों पर नहीं रखा है। किसानों का कहना है कि सरसों की कटाई के बाद फसल को कुछ समय के लिए खेतों में ही सुखाया जाता है, लेकिन यदि इस दौरान बारिश हो जाए, तो दाने खराब हो सकते हैं और उत्पादन में गिरावट आ सकती है। इसके अलावा गेहूं की फसल इस समय दाने भरने व पकने की अवस्था में है। तेज हवाओं व बारिश से गेहूं की फसल गिरने का भी खतरा बना हुआ है, जिससे पैदावार पर असर पड़ सकता है। किसानों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मौसम में हल्का बदलाव महसूस किया जा रहा है।


नारनौल। खेत में पड़ी कटाई की गई सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### क्या कहते हैं मौसम विशेषज्ञ

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि 17-18 मार्च को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद एक नया सशक्त व मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 18 से 21 मार्च के दौरान कहीं-कहीं तेज गति की हवाओं, अंधड़-आंधी (30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने) व हल्की बारिश, बूंदाबांदी तथा ओलावृष्टि होने की संभावना है। जिसका सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर असर देखने को मिलेगा। ऐसे में कृषि फसलों में नुकसान की आंशका को नकारा नहीं जा सकता।

### किसानों को रहना होगा सतर्क

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि किसानों को मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए सावधानी बरतनी चाहिए और कटाई की गई फसल को सुरक्षित स्थानों पर रखने का प्रयास करना चाहिए, साथ ही गेहूं की फसल की भी निगरानी करते रहना जरूरी है, ताकि किसी भी संभावित नुकसान से बचा जा सके। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम का रुख पूरी तरह पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियों पर निर्भर करेगा। यदि इसकी तीव्रता बढ़ती है, तो क्षेत्र में तेज हवाओं व बारिश की संभावना और भी बढ़ सकती है। ऐसे में किसान आने वाले दिनों को लेकर सतर्क नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### फील्ड ट्रेनर्स के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नारनौल।** जनगणना 2027 को लेकर सोमवार को पंचायत भवन में फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। मास्टर ट्रेनर्स सतीश कुमार व डॉ. संदीप बूरा ने जनगणना की बारीकियां समझाई। पहले दिन इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले में जनगणना कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से 38 फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर अगले तीन दिनों तक चलेगा। जिसमें जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं व तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों ने बताया कि जनगणना 2027 को आधुनिक तकनीक के साथ आयोजित किया जाएगा और इसमें डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जाएगा।

### बुआ के घर आए किशोर की सड़क हादसे में मौत

**नारनौल।** परीक्षा देकर छुट्टियां मनाने अपनी बुआ के घर आए एक 14 वर्षीय लाडले की इक्को गाड़ी द्वारा टक्कर मारने से दर्दनाक मौत हो गई। मामला गोद बलाहा बस स्टैंड का है। जानकारी के अनुसार झुंझनूं जिला के सोनासर गांव की अहीरों की ढाणी निवासी करीब 14 वर्षीय प्रीतम कुमार यादव पुत्र विजय यादव अपनी वार्षिक परीक्षा खत्म होने उपरांत छुट्टियां मनाने अपनी बुआ जी के घर गांव दोचाना आया हुआ था। आज सवेरे वह अपने फूफाजी एवं उसके बेटे के साथ गोद गांव के बस स्टैंड पर दूध लेने आया हुआ था।

### महिला कॉलेज की छात्राएं टॉप 10 में शामिल

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय की एमए इतिहास प्रथम सेमेस्टर की पांच छात्राओं ने यूनिवर्सिटी लेवल की टॉप 10 पोजीशन में से पांच पोजीशन प्राप्त करके गौरव को बढ़ाया है। इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर की ओर से जारी एमए इतिहास प्रथम सेमेस्टर की टॉपर लिस्ट में महाविद्यालय की छात्राओं ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप 10 पोजीशन में द्वितीय, सातवीं, आठवीं, नौवीं व 10वीं यूनिवर्सिटी पोजीशन हासिल की है। जिसमें रिंकु पुत्री देवराज ने 8.46 एसजीपीए के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया है।

### नपा कनीना की बैठक आयोजित

**कनीना।** नगर पालिका की साधारण बैठक सोमवार को आयोजित की गई। जिसमें वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस बजट में कुल आय 681.75 लाख व कुल व्यय 677.85 लाख प्रस्तावित किया गया। साथ ही कनीना को पुनः विधानसभा क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास किया गया। इसके अलावा शहर के विकास कार्यों पर चर्चा की गई और अनेक विकास कार्यों को मंजूर किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा ने की। इस मौके पर नगर पालिका सचिव कपिल कुमार सहित नगर पार्षद मौजूद थे।

### डॉ. कृति यादव को एशिया अवॉर्ड से किया सम्मानित

**नारनौल।** लोकसंस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ हरियाणा की ग्लोबल सदस्य व अटेली खंड के गांव गणियार निवासी रिटायर्ड डीएसपी विजयपाल सिंह यादव की दोहती व हरियाणा की बेटी डॉ. कृति यादव को हांगकांग में प्रतिष्ठित एशिया एनर्जी अवॉर्ड मिला है। डॉ. कृति यादव को हांगकांग में आयोजित द बैटरी शो एशिया 2026 में विमेन लीडर्स इन एनर्जी राइजिंग स्टार अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पूरे एशिया प्रशांत क्षेत्र से चुनी गई आठ महिलाओं में वह एकमात्र भारतीय संस्थापक हैं। डॉ. कृति यादव डीप टेक कंपनी जेनफिनिटी एनर्जी की सीईओ हैं। ऐसे समय में जब भारत ईवी बैटरी तकनीक का आयात करता है, उनकी कंपनी भारतीय मौसम व सड़कों के अनुकूल लंबी उम्र वाली स्मार्ट बैटरियां बना रही है।



## डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने एलपीजी वितरण को लेकर अधिकारियों की बैठक

# 6442 ऑनलाइन बुकिंग, 6182 की डिलीवरी 4178 सिलेंडर का रविवार तक क्लोजिंग बैलेंस

■ महेंद्रगढ़ जिले में सुचारू है घरेलू एलपीजी का वितरण : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशानिर्देशों के जिला प्रशासन ने अस्पतालों, छात्रावासों तथा शैक्षणिक संस्थानों जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों के लिए आवश्यकतानुसार व्यावसायिक एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने सोमवार को लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए।

बैठक के दौरान डीसी ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से जारी पत्र का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि आवश्यक सेवाओं और सामाजिक कार्यों के लिए गैस आपूर्ति में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हर रोज की रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं।

जिले में घरेलू गैस वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिले में एलपीजी का वितरण पूरी तरह से सुचारू रूप से चल रहा है। 15 मार्च के आंकड़ों के अनुसार जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास दिन की शुरूआत में 4313 सिलेंडर का स्टॉक मौजूद था। आज विभिन्न प्लांटों से 6047 नए सिलेंडर प्राप्त हुए, जिससे जिले में कुल स्टॉक की उपलब्धता 10360 सिलेंडरों तक पहुंच गई। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को जिलेभर में कुल 6442 ऑनलाइन बुकिंग प्राप्त हुई थी, इसके मुकाबले विभिन्न गैस एजेंसियों की ओर से तत्परता दिखाते हुए कुल 6182 सिलेंडरों की डिलीवरी सफलतापूर्वक सुनिश्चित की गई है।


नारनौल। छापेमारी के दौरान पकड़े गए सिलेंडर। फोटो : हरिभूमि

### तीसरे दिन भी विभाग की छापेमारी, 12 सिलेंडर बरामद

**नारनौल।** जिला प्रशासन ने अवैध गैस रिफिलिंग और घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक इस्तेमाल के खिलाफ अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। इसी कड़ी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीमों ने आज लगातार तीसरे दिन भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी की। विभाग की टीम ने नारनौल शहर के मुख्य बाजारों, हलवाई की दुकानों और ढाबों पर अपनी दबिश जारी रखी। सहायक खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अरुण सैनी ने स्पष्ट किया कि यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा और घरेलू गैस का कमर्शियल उपयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद जोखिम भरा है।

### सरकार के निर्देश पर जिला में कमेटी गठित

हरियाणा सरकार के निर्देश पर गैस वितरण को लेकर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी के पास डिमांड अनुसार सभी गैस तेल कंपनियों को कमर्शियल गैस सिलेंडर की मांग की जाएगी। उसी हिसाब से गठित कमेटी की ओर से निर्णय लिया जाएगा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर का वितरण किस हिसाब से किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस कनेक्शन 241535 व कमर्शियल के कनेक्शन 65 है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस बैठक में डीएसपी भारत भूषण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक सावित्री देवी, सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी अरुण सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर कौशिक के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



### गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक इस्तेमाल की रिपोर्ट पर प्रशासन सख्त, 8 सिलेंडर जब्त

**नांगल चौधरी।** गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतार है, दूसरी तरफ घरेलू गैस सिलेंडरों का धड़ल्ले से कमर्शियल हो रहा है। शिकायत मिलने पर जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने तहसीलदार के नेतृत्व में छापेमार टीम गठित की। जिसने सुबह 11 बजे नांगल चौधरी के होटल व रेहड़ियों पर दबिश दी। भनक लगते ही होटल संचालकों में भगदड़ मच गई तथा 20 मिनट में अधिकांश होटलों की शटर नीचे हो गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने पांच दुकानों पर दबिश देकर आठ सिलेंडर जब्त किए हैं। आपको बता दें कि बीते 15 दिनों से गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है। गैस किल्लत होने के डर से जमाखोरी की शिकायतें बढ़ गई। जिस कारण जरूरतमंद उपभोक्ताओं की देनिक दिनचर्या प्रभावित होने लगी है। डिमांड बढ़ने पर जिला प्रशासन ने कमर्शियल सिलेंडरों की बुकिंग पर रोक लगा दी तथा घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग 25 दिन के अंतराल पर संभव है। ऐसे में होटल संचालकों की परेशानी बढ़ गई और उन्होंने घरेलू गैस का इस्तेमाल करना आंरभ कर दिया। एक होटल पर रोजाना 4.5 सिलेंडर खाली होते हैं, जिससे उपभोक्ताओं की सप्लाई प्रभावित होने लगी है। शिकायतें मिलने पर उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों की मीटिंग बुलाई तथा कालाबाजारी व अवैध इस्तेमाल रोकने के निर्देश दिए हैं। नायब तहसीलदार की अगुवाई में खाद्य आपूर्ति विभाग के निरीक्षक सचिन कुमार, उप निरीक्षक अशोक कुमार ने सुबह 11 बजे छापेमारी अभियान चलाया। सबसे पहले टीम निजामपुर रोड पर रेहड़ी तथा होटल का निरीक्षण किया। यहां तीन सिलेंडरों का कमर्शियल इस्तेमाल होता पाया, जिन्हें जब्त करके टीम नारनौल रोड पर पहुंची। करीब पांच दुकानों पर दाबिश देने की प्रक्रिया पूरी हो पाई थी, इस दौरान शहर में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। कई होटल संचालकों ने आनन फानन में घरेलू सिलेंडरों को हटाकर कमर्शियल सिलेंडरों पर खाना पकाना शुरू कर दिया। कई दुकानदार शटर को बंद करके इधर उधर बैठ गए। करीब एक घंटे तक इधर उधर दबिश देने के बाद टीम वापस लौट गई। कार्रवाई के दौरान आठ घरेलू सिलेंडरों का गलत इस्तेमाल होता पाया, जिन्हें जब्त करके एजेंसी को सौंप दिया।

### 30 मार्च को मनेगा विष्णु भगवान मंदिर का 44वां स्थापना दिवस

**महेंद्रगढ़।** श्री विष्णु सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति प्रधान मनोहर लाल झूकिया ने की। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 30 मार्च को श्री विष्णु भगवान मंदिर का 44वां स्थापना दिवस मंदिर परिसर में बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः 7:15 बजे मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा तथा कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया कि स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। साथ ही विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। मंदिर प्रभारी शंकर ने बताया कि हर वर्ष मंदिर का स्थापना दिवस बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।





### यदुवंशी स्कूल में छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल में चेयरमैन छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। यदुवंशी ग्रुप के डायेक्टर विजय सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस छात्रवृत्ति परीक्षा में कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। परीक्षा प्रातः 10 बजे शुरू हुई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ परीक्षा दी। परीक्षा में शामिल होने आए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का विद्यालय द्वारा स्वागत किया गया। ग्रुप चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि छात्रवृत्ति परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया व उनके उज्ज्वल भविश्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## लिटिल चैंमप्स प्ले स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

■ परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्रों को मोमेंटो से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लिटिल चैंमप्स प्ले स्कूल मिश्रवाड़ा में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की मुख्य अध्यापिका आशा मान ने मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम क्रमशः कक्षावार सुनाया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम बहुत ही शानदार रहा। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अध्यापिका ने कहा कि विद्यालय बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार देने के लिए प्रयासरत है, क्योंकि विद्यालय में सभी बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार सिखाते ही है तथा घर पर भी हमें अच्छे संस्कार देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. संजय मान एडवोकेट ने सभी अभिभावकों का स्कूल प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। इस मौके पर शालू सैनी, निशा सैनी, रिंकी संघी, रंजना सोनी, ज्योति सोनी, कुंता देवी आदि उपस्थित थे।


नारनौल। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### केंद्रीय विवि में रेजांगला पार्क बनाने के लिए सांसद को सौंपा मांग पत्र



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रेजांगला पार्क स्थापित करने के लिए सांसद धर्मबीर सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि देश के आजाद होने के बाद से जितने भी युद्ध हुए हैं उनमें रेजांगला सबसे विपरीत परिस्थितियों में लड़े गए युद्धों में से एक है। सन 1962 में 18 नवंबर को लड़े गए इस युद्ध में 13 कुमाऊ रेजीमेंट की चार्ली कंपनी के 120 जवानों ने चीनी सेना के लगभग पांच हजार सैनिकों का मुकाबला किया था। बताते हैं कि इस युद्ध में चीनी सेना के लगभग 1300 सैनिक मार दिए गए थे। भारतीय सेना के भी 114 जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इन बलिदान देने वाले जवानों में अधिकांश अहीरवाल क्षेत्र के रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिले से ही थे। इसी विषय को लेकर दिल्ली निवास पर सांसद से मुलाकात कर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में रेजांगला पार्क स्थापित करने का निवेदन किया। इस पर सांसद धर्मबीर सिंह ने मौके पर ही अपनी सैद्धांतिक सहमति जताते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर इस कार्य को सिरे चढ़ाने का अनुरोध किया है। संदीप मालड़ा ने बताया कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय में रेजांगला पार्क स्थापित होने से यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को इस गौरवशाली युद्ध एवं इसमें जान देने वाले योद्धाओं के बारे में और अधिक जानकारी मिलेगी तथा आने वाली पीढियों को वीरता की प्रेरणा मिलेगी।

## आंतरिक गुणवत्ता प्रत्यायन प्रकोष्ठ की ओर से कार्यशाला का आयोजन

# राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में काम करें शिक्षक: वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में आगामी नैक की तैयारी को लेकर आंतरिक गुणवत्ता एवं प्रत्यायन प्रकोष्ठ यानि आईक्यूएसी की ओर से एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सभी टीचिंग, नॉन-टीचिंग कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने की तथा कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह भी उपस्थित थे। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर सुरेश कुमार गहलावत विशिष्ट अतिथि, जबकि सनराइज टेक्निकल एजुकेशन प्रमोशनल सोसाइटी से प्रोफेसर नमीष मिगलानी तथा जेसी बोस विश्वविद्यालय से सेवानिवत्त प्रोफेसर संदीप ग्रोवर विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित थे। आईजीयू आईक्यूएसी प्रकोष्ठ के निदेशक प्रोफेसर विकास बत्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर गहलावत ने किसी इंस्टिट्यूशन के लिए ग्रेडिंग के महत्व के बारे में बताया। इसके लिए निरंतर रूप से हमें डाटा एकत्रित करने होंगे और उन्हें व्यवस्थित रूप से एक रिपोर्ट रूप में तैयार करना पड़ेगा साथ ही इसका प्रभावी ढंग से प्रस्तुतीकरण भी उतना ही महत्व रखता है। कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी भवनों के प्रत्येक तल पर एक स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण कराया जाएगा। सभी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे प्रतिष्ठित जनरल्स में अच्छे गुणवत्तापूर्ण रिसर्च पेपर प्रकाशित करवाएं और साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में भी काम करें। वीसी दिलबाग सिंह ने विवि के विकास की दिशा में निरंतर मिलकर कार्य करने और विद्यार्थियों के हितों में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।


रेवाड़ी। आईजीयू की कार्यशाला में जानकारी देते कुलपति। फोटो : हरिभूमि

### ब्लूम टैक्सनॉमी के बारे में उदाहरण सहित समझाया

इस मौके पर प्रोफेसर नमीष मिगलानी ने गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न आयामों के बारे में बताया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं मूल्य बोध जैसे विषयों को सिलेबस में शामिल करने पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने एक इंस्टीट्यूशन डेवलपमेंट प्लान बनने पर भी जोर दिया। प्रथम सत्र की धन्यवाद प्रस्तावना डायरेक्टर रिसर्च प्रोफेसर पंकज कुमार त्यागी ने रखी। दूसरे तकनीकी सत्र में प्रोफेसर संदीप ग्रोवर ने आउटकम आधारित सिलेबस निर्माण एवं उसकी प्राप्ति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ब्लूम टैक्सनॉमी के बारे में उदाहरण सहित समझाया।

### हकेंवि में एमफार्म फार्मास्यूटिक्स के नए पाठ्यक्रम की होगी शुरुआत



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल साइंस विभाग को शैक्षणिक सत्र 2026-27 से एमफार्म फार्मास्यूटिक्स में नई स्नातकोत्तर विशेषज्ञता शुरू करने के लिए फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया पीसीआई से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस कार्यक्रम में 15 विद्यार्थियों का प्रवेश लिया जाएगा। यह स्वीकृति पीसीआई द्वारा एक मार्च को जारी निर्णय पत्र के माध्यम से प्रदान की गई है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमफार्म फार्माकोलॉजी में 12 सीटों तथा एमफार्म फार्माकोग्नोसी में छह सीटों के लिए भी निरंतर स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस अवसर पर विभाग को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह नया कार्यक्रम विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण फार्मास्यूटिकल शिक्षा के विस्तार तथा स्वास्थ्य एवं औषधि उद्योग के लिए दक्ष पेशेवर तैयार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कुलपति ने विभाग के शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों तथा प्रशासनिक नेतृत्व के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सामूहिक प्रयासों से नियामकीय प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया से यह स्वीकृति प्राप्त की गई है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए औषधि विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. विपन कुमार परिहार ने कहा कि फार्मास्यूटिक्स विशेषज्ञता के प्रारंभ होने से औषधि निर्माण ड्रग फॉर्मुलेशन तथा आधुनिक ड्रग डिलीवरी सिस्टम जैसे क्षेत्रों में उन्नत अध्ययन और अनुसंधान को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई, लोगों को हो रही भारी परेशानी

# शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर आग लगाकर किया जा रहा निपटान



रेवाड़ी। सोमवार को बस स्टैंड पर जलाया गया कचरा, नाईवाली ओवरब्रिज पर जमा कचरा, सेक्टर-3 की ग्रीन बेल्ट में जमा कचरा तथा सेक्टर बाइपास पर सड़क तक फैला कचरा। *फोटो : हरिभूमि*

**सोमवार को बस स्टैंड में जलाया गया कचरा, दो दिन पहले ब्रास मार्केट में जमा कचरे में लगी थी आग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में कूड़े में आग लगाने की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। शहर में सफाई व्यवस्था व कचरा उठान की समस्या बनी हुई है। नगर परिषद की ओर से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए पांच साल का 23.5 करोड़ का ठेका देने के बाद भी न तो कई वार्डो में गाड़ियां पहुंच रही है और न ही कचरे का समय पर उठान हो रहा है। शहर के सरकुलर रोड, नाईवाली ओवरब्रिज, बावल रोड, भाड़ावास रोड, मिनी बाईपास, सेक्टर-4 बाईपास व ब्रास मार्केट सहित कई स्थानों पर सड़क पर कचरा फैल रहा है। बाईपास की ग्रीन बेल्ट में सिर्फ पॉलीथिन नजर आ रही है। कई जगह पर तो कचरा उठाने की बजाय आग लगाई जा रही है। आग ज्यादा भड़कने पर लोगों को फायर ब्रिगेड भी बुलानी पड़ रही है। हांलाकि प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड आग लगाने पर चालान काटकर कार्रवाई कर रहा है, लेकिन आग लगाने वालों पर इसका असर कम पड़ रहा है।

**आग ज्यादा भड़कने पर लोगों को फायर ब्रिगेड भी बुलानी पड़ रही है**

**प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड आग लगाने पर चालान काटकर कार्रवाई कर रहा है**

#### बस स्टैंड पर कचरे में लगाई आग

एक ओर जहां सड़कों पर उड़ने वाली धूल बड़ा कारण है, तो दूसरी ओर सरकारी जमीनों पर लगे कूड़े के ढेरों में आग लगाने से प्रदूषण भी काफी बढ़ जाता है। शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों में आग लगाने की घटनाओं को बार-बार अंजाम दिया जाता है। सरकारी जमीनों पर पड़े कचरे में मौका मिलते ही लोग आग लगा देते हैं, जिससे धुआं के गुब्बार हवा में जहर घोलने का कार्य करते हैं। सोमवार को शहर के सरकुलर रोड स्थित बस स्टैंड के अंदर कचरा एकत्रित करने के बाद उसमें आग लगा दी गई, जिससे धुआं चारों ओर फैल गया। मुख्य गेट पर कचरे में लगाई गई आग के कारण बस स्टैंड में आने वालने यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

#### ब्रास मार्केट के कचरे में लगी आग

शहर के बीचोंबीच स्थित ब्रास मार्केट में भी जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए है, जिससे दुकानदारों व लोगों का जीना दुर्भर हो रहा है। मार्केट में यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। दो दिन पहले ब्रास मार्केट में जमा कचरे में आग लगा दी गई, जिससे काफी देर तक धुआं फैलता रहा। सूचना मिलने के बाद दोनों जगह फायर ब्रिगेड ने जाकर आग पर काबू पाया। कचरा जलाने को लेकर विभा सहित कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। सूत्रों के अनुसार कचरा जलाने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से विभाग का चालान भी किया गया, लेकिन काफी समय से चली आ रही कचरा जलाने की घटनाओं पर विराम नहीं लग रहा है।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा, एक सप्ताह में 1251 वाहन चालकों के काटे चालान

- शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की ओर से गत सप्ताह में 9 से 15 मार्च तक चलाए गए अभियान के तहत ड्रिंक एंड ड्राइव, तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाने, लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने व बुलेट बाइक में पटाखा छोड़ने वाले 1251 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा गया। अभियान के दौरान



पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान काटकर कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 29 वाहन चालकों के चालान किए। एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण भी कई बार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन जाता हैं।

## चोरों ने तीन मंदिरों में लगाई सेंध, अभी तक सुराग नहीं सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

- शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

चोरों ने एक बार फिर मंदिरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। जिले के दो मंदिरों में सेंध लगाकर चोर हजारों रुपये नकदी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

जाडरा पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत अमरदास त्यागी ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह किसी काम से गुरूग्राम गया हुआ था। वापस आने पर मंदिर की अलमारी का ताला खुला हुआ था। अलमारी से 20 हजार रुपये व चांदी का मुकुट गायब मिले। मंदिर से चोर एक गैस सिलेंडर और स्पीकर भी चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर गायब मिली। रामपुरा थाना पुलिस ने महंत की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद चोरी की जांच शुरू कर दी। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



रेवाड़ी। दानपात्र से पैसे निकालता व पैसे चोरी करके जाता चोर सीसीटीवी में कैद।

### कन्या जन्म पर परिवार ने कुआं पूजन कर मनाई खुशियां




रेवाड़ी। समाज में बेटियों के प्रति सोच अब धीरे-धीरे सकारात्मक रूप से बदलती नजर आ रही है। बेटियों को भी अब बेटों के समान अधिकार और सम्मान दिया जा रहा है। गांव कोनसीवास में परिवार ने बेटी के जन्म पर पूरे रीति-रिवाज के साथ कुआं पूजन की रस्म निभाकर समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया। कन्या के दादा लक्ष्मीनारायण ने कहा कि उनका परिवार बेटा-बेटी में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करता। परिवार का मानना है कि बेटा हो या बेटी, दोनों समान रूप से परिवार की खुशियों का कारण होते हैं। ग्रामीणों के लिए प्रतिभोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर दादी रामग्री, बुआ शकुंतला, आशा कार्यकर्ता सुनीता, आंगनबाड़ी वर्कर बिमला देवी, रीना, सविता, भगवती, शारदा, हेमलता, श्याना, ताऊ जितेंद्र, विनोद, सुनीता व कमला सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस का धारूहेड़ा क्षेत्र में चला अभियान ग्रामीणों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

रेवाड़ी। जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम की ओर से सोमवार को गांव कापड़ीवास व गढ़ी अलावलपुर में अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीणों को गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर जागरूक किया। नशामुक्ति टीम ने सोमवार को एक नशा पीड़ति व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी के डी एडिक्शन सेंटर में भी भर्ती कराया। टीम ने अब तक नशे से पीड़ति 258 लोगों की पहचान की है, जो किसी न किसी प्रकार के नशे से पीड़ति है, जिसमें 75 नशा पीड़तिं का इलाज करवाया गया है। इस मौके पर नशा मुक्ति टीम से एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है, जिसका सभी मिलकर बहिष्कार करें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अगर किसी के पास भी किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है, कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।

## गर्ल्स कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न छात्राओं ने अनेक गतिविधियों में पाया स्थान

- प्राचार्या ने छात्राओं को सफलता का सही अर्थ बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को सात दिवसीय साहित्यिक कार्यशाला 'अनसंग टू अनस्टॉपेबल-द वूमेनस लीगेसी एक्रॉस फील्ड्स अनस्टॉपेबल' का समापन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या व उच्चतर जिला शिक्षा अधिकारी डा. ज्योति यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर प्राचार्या ने छात्राओं को सफलता का सही अर्थ बताते हुए जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला की विभिन्न गतिविधियों में करीब 90 छात्राओं ने भाग लिया।



रेवाड़ी। कार्यशाला के समापन पर विजेता छात्राएं शिक्षकों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*

#### इन्होंने दिया कार्यशाला में योगदान

कार्यशाला में डा. यशपाल, डा. सुनील तोबड़यि, डा. जयश्री, डा. अनिता रानी, डा. स्वाति, डा. पवन, डा. योगेश, डा. ज्योति, डा. मोनिका, डा. रेनू, डा. रेखा गर्ग, डा. संदीप और डा. पूनम पुनिया ने निर्णायक मंडल के रूप में भूमिका निभाई। प्रश्नोत्तरी का संचालन डा. पवन तंवर और डा. रेखा गर्ग ने किया। डा. संदीप स्कोरर व तकनीकी सहायता चंद्रकांत ने प्रदान की।

### ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल स्कूल के योग शिक्षक को मिला स्वर्ण पदक

महेंद्रगढ़। ज्ञानकोष ए ग्लोबल के योग शिक्षक कृष्ण कुमार को 12वें दीक्षांत समारोह में योग परीक्षा में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत के वर्तमान और 53वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ निदेशक प्रोफेसर राजीव आहूजा, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू तथा हकेंवि कुलपति टंकेश्वर कुमार सहित अनेक प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित रहे। पूर्व सातवें दीक्षांत समारोह में विद्यालय की समन्वयक तनु को एमफिल अंग्रेजी साहित्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

### किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर रिफंड का लालच देकर मांगी गई जानकारी को साझा न करें

# रिफंड के नाम से हो रही साइबर ठगी सतर्कता ही बचाव का तरीका: एसपी

- साइबर ठग ऑनलाइन शॉपिंग, बैंक या सर्विस रिफंड के नाम पर कॉल करके लोगों से बैंक डिटेल और ओटीपी कर रहे हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को रिफंड के नाम पर हो रही साइबर ठगी को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी लोगों को ऑनलाइन शॉपिंग, बैंक ट्रांजेक्शन, बिजली बिल, मोबाइल रिचार्ज या अन्य सेवाओं के रिफंड का झांसा देकर कॉल या मैसेज करके उन्हें ठगी का शिकार बना लेते हैं। इस प्रकार की ठगी में साइबर अपराधी खुद को बैंक कर्मचारी, ई-कॉमर्स कंपनी के प्रतिनिधि या किसी सर्विस एजेंसी का अधिकारी बताकर कॉल करते हैं। वे लोगों को बताते हैं कि उनकी किसी ट्रांजेक्शन का रिफंड बनता है और पैसे वापस भेजने के लिए बैंक डिटेल या ओटीपी की जरूरत है। इसके बाद ठग लोगों को किसी लिंक पर क्लिक करने, ऐप डाउनलोड करने या ओटीपी बताने के लिए कहते हैं। कई बार वे स्क्रीन शेयरिंग ऐप के जरिए मोबाइल की एक्सेस लेकर बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं। रिफंड मिलने की उम्मीद में कई लोग बिना जांच किए अपनी गोपनीय जानकारी साझा कर देते हैं और उनके साथ ठगी हो जाती है।

#### साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत करें शिकायत

यदि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें या साइबरक्राइम.जीओवी.इन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। समय रहते शिकायत दर्ज कराने से ठगी की गई राशि को वापस पाने की संभावना बढ़ जाती है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नागरिक किसी भी कॉल, मैसेज या लिंक पर बिना पुष्टि किए भरोसा न करें।



**ठगी से बचने के लिए जरूरी सावधानियां**

किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर रिफंड का लालच देकर मांगी गई जानकारी को साझा न करें। बैंक, ई-कॉमर्स कंपनी या किसी भी संस्था की ओर से फोन पर ओटीपी या पासवर्ड नहीं मांगा जाता। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई ऐप डाउनलोड या स्क्रीन शेयर न करें। अपने बैंक खाते, ओटीपी, यूपीआई पिन या अन्य निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

## खबर संक्षेप



### भाविप के कैंप में 36 रक्तदाताओं ने ब्लड डोनेट कर निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

रेवाड़ी। भारत विकास परिषद शाखा की ओर से डा. आरबी यादव अस्पताल व ट्रामा सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्यातिथि हर्षा देवी सीनियर पैनल एडवोकेट उच्च न्यायालय दिल्ली व भाजपा नेता कमल निंबल ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांतीय अध्यक्ष डा. आरपी यादव, डा. सुमन यादव,भाविप दक्षिण प्रांत के प्रांतीय संयोजक मुकेश सैनी व हिन्दुस्तान फर्स्ट राष्ट्र प्रथम के संयोजक हर्ष सैनी मौजूद थे। मंच संचालन भारत विकास परिषद से डा. अनिल सैनी ने किया तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। अतिथियों ने सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी ने सभी अतिथियों व स्टाफ का आभार जताया।



### परमहंस कुटी में भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन

धारूहेड़ा। गांव नंदरामपुर बास स्थित परमहंस कुटी में प्रबंध समिति की ओर से ब्रह्मलीन स्वामी आत्मानंद सरस्वती निर्माण महोत्सव पर भजन-कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी श्रृद्धानंद महाराज, सत्यव्रतानंद सरस्वती महाराज व बाबा शंकरदास महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सादा जीवन जिओ, सादा भोजन खाओ, झूठ मत बोलो व परमात्मा का ध्यान करो। कार्यक्रम में दिल्ली, भिवाड़ी, रेवाड़ी, धारूहेड़ा व खैरथल से आए अनेक श्रद्धालुओं ने बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की।



### खोरी मंडल भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

खोरी। बावल विधानसभा क्षेत्र में खोरी मंडल भाजपा के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हो गया। पाली में आयोजित शिविर में मंडल के सभी पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी पदाधिकारियों ओर कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष सरपंच नरेश यादव नरू रामपुरा की अगुवाई में योगा व पौधरोपण किया। मंच संचालन मंडल महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर ने किया। आईटी सेल प्रमुख एडवोकेट नितेश अग्रवाल मुख्य रूप से शिविर में पहुंचे और अभियान के बारे में सभी को अवगत कराया। शिविर में ऑब्जर्वर के रूप में जिला भाजपा उपाध्यक्ष जीतू चेयरमैन व खोल मंडल अध्यक्ष सुभाष यादव ढाणी थे। जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टींट व एनिमेट पर्सन जीवनराम गर्ग ने योगदान दिया।



### राव निहाल सिंह स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

रेवाड़ी। राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल दड़ौली की ओर से सभी नॉन-बोर्ड कक्षाओं का वार्षिक परिणाम घोषित किया है। विद्यालय के चेयरमैन राय सिंह यादव ने सभी कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की शुभकमनाएं दीं। विद्यालय की प्रिंसिपल सरिता यादव ने बताया कि स्कूल में नए सत्र की सभी कक्षाएं शुरू कर दी गई है।




### समाधान शिविर में नांगल पठानी के रामपाल की मौके पर बनाई विधुर पेंशन

रेवाड़ी। सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। डीसी ने लोगों की शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही निवारण किया और लंबित शिकायतों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव बगथला में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे व धारूहेड़ा के सेक्टर-4 में ग्रीन बैल्ट पर शौचालय बनाने की शिकायत रखी गई। शिविर में गांव नांगल पठानी के रामपाल की मौके पर ही विधुर पेंशन भी बनवाई गई। इसके अलावा समाधान शिविर में आई प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, बिजली और पुलिस विभाग की शिकायतों पर समाधान के निर्देश दिए।



### डीटीपी विभाग को नियमित होने वाली कॉलोनियों में विकास कार्य कराने के दिए निर्देश

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय स्क्रूटनी कमेटी की बैठक हुई। डीसी ने जिले में विभिन्न क्षेत्रों में नियमितीकरण के नियम पूरी करने वाली आबादी क्षेत्र के बारे में रिपोर्ट तैयार करने संबंधी जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से हरियाणा नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्रों के प्रबंधन विशेष प्रावधान अधिनियम, 2021 के तहत नगर-निगम, नगर परिषद व नगर पालिका सीमा से बाहर अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने संबंधी अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए नीति अधिसूचित की गई है। उन्होंने नियमितीकरण के नियम पूरी करने वाली आबादी क्षेत्र के बारे में रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।